# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 10 नवंबर, 2023

## सुरबाया का युद्ध

वर्ष 1945 में सुरबाया के युद्ध के दौरान इंडोनेशियाई देशभक्तों की वीरता की याद में 10 नवंबर को इंडोनेशिया में राष्ट्रीय नायक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

- **सुरबाया का युद्ध,** इंडोनेशियाई राष्ट्रवादियों और ब्रिटिश एवं ब्रिटिश भारतीय सेनाओं के बीच लड़ा गया, जो वर्ष 1945 से 1949 तक चला।
- युद्ध के समय **इंडोनेशिया एक डच उपनिवेश** था और साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के आत्मसमर्पण के बाद इंडोनेशियाई राष्ट्रवादियों ने स्वतंत्रता की घोषणा की। हालाँकि **डचों ने इस घोषणा को मान्यता नहीं** प्रदान की और अपने उपनिवेश पर फिर से नियंत्रण पाने की कोशिश की, **जिसके कारण युद्ध** हुआ।
- युद्ध का परिणाम ब्रिटिश एवं **ब्रिटिश भारतीय सेनाओं की जीत थी, जो भयानक युद्ध के बाद सुरबाया शहर पर अधिकार** करने में कामयाब रहे।





**और पढ़ें...** भारतीय राष्ट्रीय सेना, भारत में यूरोपीय लोगों का आगमन

## पटाखों और प्रदूषण पर सर्वोच्च न्यायालय का आदेश

हाल ही में **सर्वोच्च न्यायालय** ने **पटाखों** से होने वाले **वायु तथा** ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिये अपने **निर्देशों** को बहाल किया।

- न्यायालय ने इस बात पर ज़ोर दिया कि **उसके आदेश सभी राज्यों के लिये बाध्यकारी हैं** तथा **न केवल उत्सवों के दौरान बल्कि पूरे वर्ष** प्रदूषण को कम करने के लिये **निरंतर प्रयास किये जाने चाहिये।**
- इसने दिवाली समारोहों के महत्त्व को रेखांकित किया, इस बात पर प्रकाश डाला कि खुशी हेतु पर्यावरण की भलाई से समझौता नहीं करना चाहिये।

- इसमें ज़िम्मेदारी के साथ दिवाली उत्सव मनाने के महत्त्व को रेखांकित किया गया एवं इस बात पर प्रकाश डाला कि **उत्साह के लिये पर्यावरण की भलाई से समझौता नहीं करना चाहिये।**




**और पढ़ें...**[हरित पटाखे]

## दिल्ली प्रदूषण से निपटने हेतु कृत्रिम वर्षा परियोजना

**दिल्ली सरकार** [शहर में बढ़ते प्रदूषण स्तर] से निपटने के उपाय के रूप में [क्लाउड सीडिंग] के माध्यम से **कृत्रिम वर्षा** पर विचार कर रही है।

- IIT-कानपुर ने मानसून के महीनों के दौरान पायलट परियोजनाएँ संचालित की हैं और अब उसका ध्यान सर्दियों की स्थितियों पर है।
- क्लाउड सीडिंग के लिये **न्यूनतम 40% बादल और नमी की आवश्यकता** होती है।
    - कृत्रिम वर्षा के लिये 20 और 21 नवंबर, 2023 को संभावित अनुकूल परिस्थितियों का अनुमान  हैं।
- इस परियोजना में **विमान के माध्यम से क्लाउड सीडिंग** के लिये **सिल्वर आयोडाइड और अन्य घटकों का उपयोग** किया जाएगा।
- प्रदूषण के स्तर को कम करने में कृत्रिम बारिश की प्रभावशीलता नमी और वर्षा जैसे कारकों पर निर्भर करती है।

**और पढ़ें...**[क्लाउड सीडिंग]

## प्रथम INDUS-X निवेशक सम्मेलन

रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग और अमेरिकी रक्षा विभाग के अंतर्गत**रक्षा उत्कृष्टता के लिये नवाचार** (iDEX) ने हाल ही में नई दिल्ली में**भारत और अमेरिका के बीच मंत्रिस्तरीय वार्ता के पहले आयोजन के रूप में प्रथम INDUS निवेशक सम्मेलन का आयोजन** किया गया।

- इस कार्यक्रम में **INDUS-X एजुकेशनल सीरीज़** (**GURUKUL**) लॉन्च की गई। **गुरुकुल** पहल का उद्देश्य **अन्वेषक/स्टार्टअप को अमेरिका और भारत के रक्षा इकोसिस्टम में सम्मिलित करने** में सहायता करना है।
    - गुरुकुल (शिक्षा) शृंखला में सरकारी अधिकारियों, कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों, उद्योग मंचों, इनक्यूबेटर्स/एक्सेलरेटर्स आदि सहित दोनों पक्षों के **विशेषज्ञों द्वारा स्टार्टअप्स/अन्वेषकों के लिये सत्र का** आयोजन किया जाएगा।
- पैनल ने '**रक्षा क्षेत्र में निवेश के अवसरों**' पर चर्चा की, जिसमें रक्षा सहयोग और सह-उत्पादन के लिये एक स्थायी वाणिज्यिक आधार स्थापित करने पर विस्तार से चर्चा की गई।
- जून 2023 में शुरू की गई **भारत-अमेरिका रक्षा त्वरण पारिस्थितिकी तंत्र** (India-US Defence Acceleration Ecosystem- INDUS-X) पहल का उद्देश्य भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक **प्रौद्योगिकी साझेदारी तथा रक्षा औद्योगिक सहयोग को** बढ़ाना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-10-november,-2023